सुनहरा
100 वाँ वर्ष

आज

मात्र
2 रूपये में

रश्मि ने शेयर की अजीबोगरीब ...11 website : www.ajhindidaily.in / www.ajhindidaily.com टी-20 विश्वकप के लिये...12

लखनऊ,शनिवार , 6 जून, 2020 नगर संस्करण पृष्ठ 12 वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, (मध्य प्रदेश संस्करण), कानपुर, (झांसी संस्करण) , लखनऊ , आगरा, बरेली, पटना, रांची, (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित

जैविक विविधता पर वेबिनार आयोजित

लखनऊ, शुक्रवार। पृथ्वी पर जीवन की विविधता और परिवर्तनशीलता को जैवविविधता की संज्ञा से जोड़ते हुए विश्व पर्यावरण दिवस पर स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ में वेबिनार आयोजित किया जिसमे एस.एम.एस. कालेज के अलावा लखनऊ के साथ-साथ रायबरेली नॉएडा, मेरठ आदि के कई संस्थानों ने भाग लिया इस अवसर पर संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, शरद सिंह, निदेशक डॉ. मनोज महरोत्रा ने जैवविविधता को संरक्षित करने पर अपने विचार रखे तथा पृथ्वी को बचाने के लिए पेड़ लगाने पर बल दिया डीन डॉ. धर्मेन्द्र सिंह ने वेबिनार को कोआर्डिनेट किया तथा डा. हेमंत कुमार सिंह ने इसका संचालन किया कार्यक्रम के मुख्यवक्ता डा. भरत राज सिंह जो एक वरिष्ठ पर्यावरणविद हैं और संस्थान के महानिदेशक है, ने विश्वपर्यावरण दिवस कब से और क्यों मनाया जाता है, इस वेबिनार में भाग लेने वालो को विस्तृत रूप से जानकारी दी तथा यह भी वताया कि पृथ्वी की उत्पत्ति जो लगभग 4.54 अरब वर्ष पूर्व हुई थी उसके काफी वर्षो अर्थात लगभग 4.12 अरब वर्ष बाद जैवविविधता उत्पन्न हुई थी, जिसके सबूत ऑस्ट्रेलिया में खोजे गए 3.48 बिलियन साल पुराने बलुआ पत्थर में माइक्रोबियल मैट जीवाश्म पाए गए हैं।